बिहार सरकार
अभियंता प्रमुख का कार्यालय
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना ।
**E-mail Id-engg-chf-bih@gov.in**

## कार्यालय आदेश

का0आ0सं0-अभि0प्र0/ल0ज0सं0वि0/मु0(स्था0)-11-01/2025- 768 /पटना, दिनांक-07 / 07 /2025

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन सं0-01/2019 के आलोक में कनीय अभियंता(असैनिक/यांत्रिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं लघु जल संसाधन विभाग, पटना आवंटित अभ्यार्थियों को इस कार्यालय के आदेश सं0-34, 35 दिनाक-31.01.2025 द्वारा कनीय अभियंता(असैनिक/यांत्रिक) के पद पर नियुक्त किया गया है। तदोपरान्त इस कार्यालय के आदेश सं0-115, 116, 117, 118 दिनांक-01.03.2025 एवं आदेश सं0-349, 350 दिनांक-17.04.2025 द्वारा विभागान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों/ अन्य कार्य विभागों में पदस्थापित/ प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त आदेश की कंडिका-03 में नवनियुक्त कनीय अभियंता(असैनिक/यांत्रिक) को आदेश निर्गत होने की तिथि से 01 (एक) माह के अन्दर पदस्थापित स्थान/ प्रतिनियुक्त विभाग में योगदान देना अनिवार्य था । उक्त समय-सीमा समाप्ति के पश्चात् विभागीय आदेश सं0-100-सह-पठित ज्ञापांक-2892 दिनांक-11.04.2025 द्वारा अगले 01 (एक) माह अर्थात् 30.04.2025 तक तथा पुनः विभागीय आदेश सं0-140 सह-पठित-ज्ञापांक-3730 दिनांक-27.05.2025 द्वारा अगले 01 (एक) माह अर्थात् 31.05.2025 तक योगदान की अवधि विस्तारित किया गया ।

2. इसी क्रम में पुनः नवनियुक्त कनीय अभियंताओं द्वारा विभिन्न कारणों यथा पूर्व नियोक्ता के स्तर से त्याग पत्र स्वीकृत/ विरमन पत्र निर्गत होने में विलम्ब अथवा स्वास्थ्य के कारणों का उल्लेख करते हुये योगदान विस्तार करने से संबंधित अभ्यावेदन समर्पित किया गया है।

3. अतः प्राप्त अभ्यावेदनों पर सम्यक् विचारोपरान्त आदेश सं0-115, 116, 117, 118 दिनांक-31.01.2025 एवं 349, 350 दिनांक-17.04.2025 की कंडिका 03 में अंकित योगदान करने की समय-सीमा को अगले 02 (दो) माह अर्थात् 01.06.2025 से 31.07.2025 तक विस्तारित किया जाता हैं ।

4. वैसे सभी नवनियुक्त कनीय अभियंता(असैनिक/ यांत्रिक) जिनके द्वारा अभी तक अपने पदस्थापित स्थान/ प्रतिनियुक्त विभाग में योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे अपने पदस्थापित स्थान/ प्रतिनियुक्त विभाग में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे ।

(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

ज्ञापांक :- 768 /पटना, दिनांक-07 / 07 /2025

प्रतिलिपि :- महालेखाकार, बिहार, पटना/ सभी कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

D/PUSHPA/Order 25

ज्ञापांक :- 768 /पटना, दिनांक-07/07/2025

प्रतिलिपि :- अपर सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग/ सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल एवं सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

07/07/25

अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

30/6/25

ज्ञापांक :- 768 /पटना, दिनांक-07/07/2025

प्रतिलिपि :- आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

07/07/25

अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।

30/6/25

D/PUSHPA/Order 25